फतुहा में वाहन से कुचलकर पिता-पुत्र की मौत

घर में पसरा मातम, तीन साल के मासूम के सिर से उठा पिता का साया

फतुहा आससे। फतुहा थाना क्षेत्र में धोबा पुल के पास सोमवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों पटना से बाइक पर सवार होकर अपने घर बिहारशरीफ लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों की जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से गांव में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम करीब पांच बजे नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के राणाबीघा गांव निवासी अरविंद प्रसाद आर्या (50) अपने बेटे ज्ञानदेव कुमार (28) के साथ बाइक से पटना से घर लौट रहे थे। इसी दौरान फतुहा थाना क्षेत्र के धोबा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि पिता-पुत्र दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अरविंद प्रसाद आर्या, पिता स्वर्गीय राधेश्याम महतो, और उनके बेटे



ज्ञानदेव कुमार के रूप में हुई है। अरविंद प्रसाद आर्या अपने गांव में किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे, जबकि उनका बेटा ज्ञानदेव कुमार फोटोग्राफी का काम करता था।

बताया जाता है कि ज्ञानदेव अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। वर्ष 2022 में उनकी शादी हुई थी और उनका तीन साल का एक बेटा है। इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पिता-पुत्र की एक साथ मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया उठ जाने से घटना और भी हृदयविदारक हो गई है।

धोबा पुल के पास हुए इस हादसे के बाद दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान और घटना के संबंध में पुलिस की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। हादसे के कारणों को लेकर भी विस्तृत जानकारी सामने आनी बाकी है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की असमय मौत ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं और पीछे छोड़ दिया जीवनभर का दर्द।

आचार संहिता उल्लंघन में राजद उम्मीदवार दिलीप कुमार पर केस

मसौढ़ी (आससे)। बिहार विधान परिषद स्नातक/शिक्षक चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आया है। अंचल अधिकारी सह एफएसटी मजिस्ट्रेट प्रभात रंजन की शिकायत पर पुनपुन थाने में राजद उम्मीदवार दिलीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाने में दिए आवेदन में अंचलाधिकारी पुनपुन प्रभात रंजन ने बताया है कि 23 अक्टूबर को वाट्सएप के माध्यम से आयुक्त कार्यालय पटना से सूचना मिली कि पुनपुन बाजार स्थित लाल मार्केट में राजद के चुनाव प्रचार से संबंधित होर्डिंग लगा हुआ है। सूचना के सत्यापन के लिए वह पुनपुन थाना के पुअनि श्यामबिहारी चौधरी और पुअनि हरेंद्र कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के साथ दोपहर 1ः55 बजे लाल मार्केट पहुंचे तो देखा कि वहां ऋछ्ठ उम्मीदवार दिलीप कुमार का होर्डिंग लगा हुआ है। जांच में पाया गया कि इस होर्डिंग को लगाने के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है। जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद उक्त होर्डिंग को दीवार से उतारकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

माचा स्वामी की प्रतिमा पूजा-अर्चना के साथ स्थापित, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

बिक्रम (आससे)। शहीद चौक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सोमवार को महान संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री गदाधराचार्य उर्फ माचा स्वामी जी महाराज की श्वेत विग्रह स्वरूप प्रतिमा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ स्थापित की गई. प्रतिमा स्थापना के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।



इस अवसर पर हिंदू धर्म रक्षक संगठन की ओर से आयोजित धार्मिक यात्रा भी संपन्न होने के बाद वापस लौटी. यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं के स्वागत और धार्मिक आयोजन के उपलक्ष्य में महावीर सेवा समिति तथा हिंदू धर्म रक्षक संगठन की ओर से संयुक्त रूप से भंडारे का आयोजन किया गया. मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और भक्तिमय माहौल बना रहा।

महावीर सेवा समिति के अध्यक्ष मदन दास ने बताया कि माचा स्वामी जी महाराज महान संत और अजानबाहु व्यक्तित्व के धनी थे. उन्होंने बताया कि महाराज 128 वर्ष की आयु में परमपद को प्राप्त हुए. उनका प्रमुख स्थान रामबाग, बिहटा में है. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, ज्ञान और धर्म के प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया था. बताया जाता है कि उन्होंने मात्र आठ वर्ष की उम्र में ही घर त्याग दिया था और आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े थे।

वहीं, हिंदू धर्म रक्षक संगठन से जुड़े गुड्डू गुप्ता ने बताया कि संगठन की ओर से प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए बस रवाना की जाती है. यात्रा पूरी कर श्रद्धालुओं के सकुशल वापस लौटने पर भंडारे का आयोजन किया जाता है. सोमवार को भी इसी परंपरा के तहत संयुक्त रूप से भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

प्रभार को लेकर विवाद, डीएम ने शिक्षक पर प्राथमिकी का दिया आदेश

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी प्रखंड के बैरागीबाग हाई स्कूल में सीनियर शिक्षक को प्रभार नहीं देने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। जूनियर शिक्षक द्वारा सरकारी आदेश का उल्लंघन करने पर जिलाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी किया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि बैरागीबाग हाई स्कूल में वर्ष 2021 से शिक्षक विनोद कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। इसी विद्यालय में सीनियर शिक्षक रूपेश कुमार ने ज्वाइन किया है, लेकिन पिछले कई महीनों से विनोद कुमार द्वारा उन्हें प्रभार नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में कई बार विभागीय पत्र जारी कर प्रभार सौंपने का निर्देश दिया गया, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। सरकारी पत्र के उल्लंघन के आलोक में जिला से आरोपी शिक्षक विनोद कुमार पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश प्राप्त हुआ है। बीईओ ने बताया कि आदेश के अनुपालन में सोमवार को मसौढ़ी थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन आवेदन में कुछ त्रुटि रहने के कारण थाने द्वारा अगले दिन एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई है।वहीं सूत्रों के मुताबिक विद्यालय में प्रत्येक साल नामांकन के नाम पर लाखों रुपये बिना लिखित दस्तावेज के वसूले जाने की भी बात सामने आ रही है, जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। इससे कई तरह की वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है।

फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

खुसरूपुर (आससे)। आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। खुसरूपुर थाना कांड संख्या- 265/19 के अप्राथमिकी नामजद आरोपी भुटाली बखो के घर पर पुलिस ने अदालत के निर्देशानुसार इश्तेहार चस्पा किया है। आरोपी फतुहा थाना क्षेत्र के दरियापुर नयाटोला का रहने वाला है और उसके पिता का नाम अमाल बखो है।

फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान में विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट

बिहटा (आससे)। फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान पटना परिसर में संस्कार वैली स्कूल, बिक्रम एवं संकल्प विद्या मंदिर, बिहटा के कुल 93 विद्यार्थियों एवं 10 शिक्षकों ने शैक्षणिक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास तथा फुटवियर, फैशन एवं डिजाइन के क्षेत्र में उपलब्ध शैक्षणिक और करियर संबंधी अवसरों से अवगत कराना था। इस अवसर पर एफडीडीआई पटना के कार्यकारी निदेशक श्री नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, उनकी विशेषताओं तथा भविष्य में उपलब्ध रोजगार एवं करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता एवं कौशल के अनुरूप करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों की सभा को बॉलीवुड अभिनेता श्री सत्यकाम आनंद ने भी संबोधित किया एवं छात्रों को सफलता के लिए धैर्य, संघर्ष, और आत्मविश्वास के साथ काम करने का गुरु मंत्र दिया। छात्रों ने उनसे फिल्मों मे फैशन डिजाइनर के क्षेत्र मे करियर , अभिनय की कला, व्यक्तिगत जीवन के संघर्ष और सफलता के मंत्रों को लेकर अभिनेता से कई दिलचस्प सवाल पूछे। और उनके सवालों



का बेहद आत्मीयता और प्रेरणादायी ढंग से जवाब देकर उनका मार्गदर्शन किया।

एक्सपोजर विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान के विभिन्न विभागों की आधुनिक प्रयोगशालाओं (मॉडर्न लैब्स) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों, तकनीकी सुविधाओं तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण की प्रक्रियाओं को करीब से देखा और समझा। प्रयोगशालाओं के भ्रमण से विद्यार्थियों को डिजाइन एवं तकनीकी शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी मिली तथा उन्हें यह समझने का अवसर प्राप्त हुआ कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक और कौशल का उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है।कार्यकारी निदेशक नीरज कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कौशल आधारित एवं व्यावसायिक शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यावहारिक कौशल, रचनात्मकता, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना है।

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, खुटौना (मधुबनी)
E-mail ID- wkcdivkhutauna@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण :–

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में)	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	कोशी शिविर खुटौना स्थित कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खुटौना का कार्यालय, आवासीय भवन एवं कोशी शिविर स्थित अन्य टाईप(C-type, D-type, E-type, F-type, G- type, H-type, I-Type) आवासीय भवनों में आवश्यक मरम्मति कार्य।	3.376	6800.00	750.00	1180.00	30 दिन
2	कोशी शिविर खुटौना स्थित सभी अवर प्रमंडल के कार्यालय भवनों के रंग–रोगण एवं आवश्यक मरम्मति का कार्य।	2.00	4000.00	500.00	1180.00	30 दिन
3	कोशी शिविर खुटौना के गोदाम की मरम्मति एवं रंग–रोगण का कार्य।	0.80918	1700.00	500.00	1180.00	15 दिन

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 22.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 11.11.2026 से दिनांक 19.11.2026 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 18 .11.2026 के 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खुटौना।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– 23.11.2026 दिनांक के 3:30 बजे अपराहन । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, खुटौना (मधुबनी)।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014273 (WRD) 2026-27

कार्यपालक अभियन्ता,
पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल,
खुटौना (मधुबनी)
मो0 नं0–7562817319

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

स्पार्क आइडिया हैकथन 2026 में एनएसआईटी के छात्रों को दूसरा स्थान

बिहटा (आससे)। स्पार्क आइडिया हैकथन 2026 में एन एस आई टी पोलटेक्निक बिहटा के विद्यार्थियों रौनक



कुमार एवं आशीष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन पोलटेक्निक पटना द्वारा डी ए सी पटना के सहयोग से किया गया। इसमें बिहार के विभिन्न सरकारी एवं निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शानदार उपलब्धि पर संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीतू सिंह, फाइनेंस रजिस्ट्रार श्री पवन कुमार, डायरेक्टर डॉ. जे. दलेई एवं प्रभारी प्राचार्य श्री किंग्सन ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन, तकनीकी दक्षता और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों को भी नए विचारों के साथ आगे बढ़ने, अपनी तकनीकी क्षमताओं को विकसित करने तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं। संस्थान विद्यार्थियों के कौशल विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रौनक कुमार एवं आशीष कुमार की इस उपलब्धि पर पूरे संस्थानपरिवार को गर्व है। संस्थान ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी अपनी सफलता से संस्थान एवं बिहार का नाम रोशन करते रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिलकर सौंपा स्मार पत्र

मसौढ़ी (आससे)। बिहार का चिराग् नामक पत्रिका के संबंध में केंद्रीय मंत्री खाध प्रसंस्करण उद्योग भारत सरकार चिराग पासवान से संपर्क संवाद कर सामाजिक भावनाओं से अवगत कराते हुए अर्जी पत्र सौंपा। विजेंद्र पासवान ने साथ ही साथ आग्रह किया कि ऑल इंडिया दलित एक्शन कमिटी फॉर सोशल जस्टिस पुन: सक्रिय एवं लोक जनशक्ति सेना का गठन तथा न्याय चक्र पत्रिका जन-जन तक पहुंचाई जाए,ताकि बिहार फस्ट एवं बिहारी फस्ट का शानदार मिशन शिखर पर हो सके। उनके द्वारा उक्त बिंदुओं पर संज्ञान लेने का आश्वासन मिला है।

एटीएम बदलकर युवती से 47 हजार की ठगी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का मामला सामने आया है। धनरूआ थाना क्षेत्र के बड़ीहा गांव की रहने वाली सोनम कुमारी के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 47,165 रुपया निकाल लिया। पीड़िता ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने में दिए आवेदन में सोनम कुमारी पिता जितेंद्र सिंह ग्राम बड़ीहा थाना धनरूआ ने बताया है कि उसके पिताजी उसका एटीएम लेकर मसौढ़ी मेन रोड स्थित पीएनबी के एटीएम से 5 हजार रुपया निकालने गए थे। एटीएम पर मौजूद किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उनका एटीएम बदल लिया। पीड़िता के अनुसार उसके पिताजी जब शाम 4 बजे घर लौटे, तभी उसके मोबाइल नंबर पर पीएनबी एटीएम से कुल 47,168 रुपये निकासी का मैसेज आया। मैसेज देखकर होश उड़ गए। खाते से 47,165 रुपये अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिया गया था। इसके बाद पीड़िता ने तुरंत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि एटीएम बदलने वाले व्यक्ति ने ही उसके खाते से पैसा निकाला है। 26 अक्टूबर को पीड़िता ने मसौढ़ी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है और जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी से छेड़खानी का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना स्थित एक गांव में सोमवार की शाम 11 वर्षीया किशोरी के साथ छेड़खानी व जबरन ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया है.आरोप गांव के ही 25 वर्षीय शादीशुदा युवक पर लगा है. घटना के बाद से आरोपित फरार है.मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी खेत से धान का बोझा लेकर घर लौट रही थी.इसी दौरान रास्ते में आरोपित ने उसे पकड़ लिया व उसके साथ छेड़खानी करते हुए जबरन खींचकर ले जाने का प्रयास किया.किशोरी के शोर मचाने व पीछे से आ रहे परिजनों के दौड़ने पर आरोपित मौके से भाग निकला.इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे.इस संबंध में धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे हैं. आरोपित घर से फरार है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

मसौढ़ी (आससे)। 11 केवी टाउन पश्चिम फीडर के अंतर्गत आने वाले इलाकों में मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इस दौरान 11 केवी तार की शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है. सहायक विद्युत अभियंता, मसौढ़ी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से पहले से पानी का भंडारण कर लेने की अपील की है.विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से कर्पूरी चौक, व्यापार मंडल, पुरानी बाजार, सतीस्थान व मुख्य सड़क पर मसौढ़ी दक्षिण की ओर सिनेमा हॉल तक के इलाके प्रभावित रहेंगे. विभाग ने उपभोक्ताओं से बिजली कटौती की निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी करने की अपील की है।

40 लीटर देसी महुआ शराब बरामद

मसौढ़ी (आससे)। छाता ओपी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम जगदीशपुर में छापेमारी कर 40 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब बरामद की है। पुलिस को देखकर आरोपी महिला घर से भागने में सफल रही। इस संबंध में छाता ओपी में पदस्थापित पुअनि नवीन कुमार ने बताया कि गंगाचक के पास उन्हें गुप्त सूचना मिली कि छाता ओपी अंतर्गत ग्राम जगदीशपुर में सुखाड़ी की पत्नी धनमतिया देवी अपने घर में अवैध रूप से देसी महुआ शराब बनाकर बेचती है।

मंदिर से चोरी कांड में फरार अभियुक्त आरा से गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन के केवड़ा ओपी क्षेत्र के जोलबिगहा गांव में वर्ष 2017 में हुए सूर्य मंदिर में चोरी मामले में फरार चल रहे एक अप्राथमिकी अभियुक्त को केवड़ा पुलिस ने भोजपुर जिले के आरा से गिरफ्तार किया है। केवड़ा ओपी अध्यक्ष ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 420/17 और 232/17 के अप्राथमिकी अभियुक्त विक्की गिरी, पिता स्व. बैजनाथ गिरी, साकिन अहिले थाना नारायणपुर जिला भोजपुर आरा को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

किशोरी के लापता होने से हड़कंप पांच पर अपहरण का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के बालकचक गांव से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। लापता लड़की की मां पूजा देवी ने धनरूआ थाने में लिखित आवेदन देकर पांच लोगों पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।.थाने में दिए गए आवेदन में पीड़िता की मां ने बताया है कि वह बालकचक गांव की रहने वाली है।23 अक्टूबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी ज्योति कुमारी बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। जब शाम तक वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। खोजबीन के क्रम में परिजनों को जानकारी मिली कि गांव में ही ननिहाल में रह रहा रवि कुमार नाम का एक युवक उनकी बेटी को अपने साथ लेकर गया है। मां का आरोप है कि रवि कुमार के साथ उसके नाना महेश जमादार, मामा हनी कुमार, पंचेरा नाना दादू बिंद और अनिल कुमार सहित सभी लोगों ने मिलकर साजिश के तहत उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं।

श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू

बिहटा (आससे)। श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि (दीपावली के अगले दिन) को मनाई जाती है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप (मूसलाधार बारिश) से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा (छोटी) उंगली पर उठाया था। इस दिन भगवान कृष्ण को 56 प्रकार के व्यंजनों (56 भोग) का प्रसाद चढ़ाया जाता है। मान्यता है कि घर के आंगन या बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी पूजा और परिक्रमा की जाती है। साथ ही गाय और बछड़े की सेवा व पूजा का भी विशेष महत्व है। श्री कृष्ण सेवा न्यास परिषद् बिहटा के तत्वावधान में श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव की तैयारी के लिए श्रीभगवान् मैरेज हॉल बिहटा में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्वसम्मत्ति से 9 नवंबर, 2026 को श्रीरामपुर सूर्य मंदिर प्रांगण में धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कई स्तर पर समिति गठन कर संचालन करने का निर्णय लिया गया।

बिक्रम में नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम यज्ञ शुरू

बिक्रम (आससे)। नगर पंचायत क्षेत्र के असपुरा स्थित नहर लख के पास हनुमान मंदिर प्रांगण में सोमवार को नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम नवाह यज्ञ का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ. यज्ञ शुरू होते ही पूरा वातावरण



भक्तिमय हो गया. इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में क्षेत्र की दर्जनों कीर्तन मंडलियां भाग लेंगी. मंडलियों द्वारा लगातार श्री सीताराम नाम का संकीर्तन किया जाएगा. इससे आसपास के गांवों में भी भक्ति का माहौल बना रहेगा. कार्यक्रम का संचालन पंडित राम पुकार जी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार, अनुग्रह नारायण सिंह, केदार सिंह, गोपाल सिंह, राजवीर जी, भोला सिंह, शत्रुघ्न सिंह, उमेश यादव, जुलम दास एवं रामेश्वर मोची सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे. आयोजक मंडली के अनुसार, नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम नवाह यज्ञ का समापन 4 नवंबर को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा।

पीपा पुल चालू नहीं होने पर भड़का लोगों का गुस्सा, स्टेट हाईवे को किया जाम

फतुहा आससे। नदी थाना क्षेत्र के कच्ची दरगाह में पीपा पुल चालू नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने फतुहा स्टेट हाईवे पर आगजनी कर सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कच्ची दरगाह से दियारा क्षेत्र को जोड़ने वाला पीपा पुल अब तक चालू नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इसी के विरोध में लोगों ने सड़क पर आगजनी करते हुए यातायात बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि पीपा पुल को जल्द से जल्द जोड़कर चालू किया जाए, ताकि दियारा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। दियारा के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है पीपा पुल गौरतलब है कि कच्ची दरगाह से दियारा क्षेत्र के बीच आवागमन के लिए पीपा पुल का विशेष महत्व है। इस पुल के चालू रहने से दियारा में रहने वाले लोग आसानी से पटना और आसपास के क्षेत्रों तक आ-जा सकते हैं। पुल चालू नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से जल्द पहल कर पीपा पुल को चालू कराने की मांग की है।

घर पर चढ़कर मारपीट, 8 लोगों पर हमले का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। नदौल ओपी क्षेत्र के बेलदारी टोला में घर पर चढ़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता गुड़िया देवी ने नदौल ओपी थाने में आवेदन देकर गांव के ही 8 लोगों पर पति के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाने में दिए आवेदन में पीड़िता गुड़िया देवी पति धर्मेंद्र चौधरी साकिन बेलदारी टोला नदौल ने बताया है कि सिंधु चौधरी पिता जवाहिर चौधरी, सज्जन चौधरी पिता विजेंद्र चौधरी, संजय चौधरी पिता विजेंद्र चौधरी, अमित कुमार पिता मुन्ना चौधरी, निरंजन कुमार पिता मुन्ना चौधरी, सर्वजन चौधरी पिता जोगेंद्र चौधरी, जोगेंद्र चौधरी पिता स्व. शंकर चौधरी और विजेंद्र चौधरी पिता स्व. शंकर चौधरी सभी एक राय होकर लाठी-डंडे से लैस होकर उसके घर पर आ धमके।आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके पति धर्मेंद्र चौधरी के साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह काफी जख्मी हो गया।

South Bihar Power Distribution Company Limited
(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
Office of Chief Engineer (Commercial)
GST No. 10AASCS2207G2ZN, CIN No.- U40109BR2012SGC018890
Website: www.sbpdcl.co.in E-mail: cecom.sbpdcl22@gmail.com

REQUEST FOR PROPOSAL
NIT NO:- 92/PR/SBPDCL/2026

South Bihar Power Distribution Company Limited (SBPDCL), a Government of Bihar Undertaking, on behalf of North Bihar Power Distribution Company Limited (NBPDCL) and South Bihar Power Distribution Company Limited (SBPDCL), invites Request for Proposals (RfP) for MDAS Application Migration to OEM hosted infrastructure with AMC for monthly meter data availability from HT /LTCT meters for 3 years, with a separate clause for extension of up to 2 years including integration of MDAS Application with existing/upcoming billing system for onward seamless of 11,000 nos. HT/LTCT consumers billing (SBPDCL- 6500 & NBPDCL – 4500) in Bihar. Eligible and experienced Agencies / Firms / Companies / State or Central Govt. undertaking who have necessary experience are welcome to participate in online bid.

S.N	Particulars	E.M.D. (Rs.)	Cost of Tender document. (Rs.)+GST
1.	RFP for AMR Server Migration to OEM hosted infrastructure including MDAS with AMC for monthly meter data availability from HT /LTCT meters for 3 years, with a separate clause for extension of up to 2 years including integration with existing/upcoming billing system for onward seamless invoice generation of HT/LTCT metered 11,000 no . consumers (SBPDCL-6500 & NBPDCL-4500) in industrial sector across various locations in Bihar.	567389.00 (Rs. Five Lakh sixty seven thousand three hundred eighty nine Only)	10,000 (Ten Thousand Only) + Rs. 1800 GST

Start Period of Sale/download of RFP document	From 20/11/2026 (10:00 Hrs.) through website www.eproc2.bihar.gov.in
Date of Pre-Bid Meeting	24/11/2026 at 11:30 Hrs.
Submission of bid in soft-copy through website www.eproc2.bihar.gov.in	Up to 01/12/2026 (up to 18:00 Hrs.)
Last date of Submission of EMD	02/12/2026 at 15:00 Hrs.
Opening date of Technical & Commercial Part:	07/12/ 2026 at 16:00 Hrs.
Date of opening of Price Part:	To be notified after Technical Bid Evaluation on (www.eproc2.bihar.gov.in)

The RFP documents can be downloaded from website www.eproc2.bihar.gov.in. Submission of RFP documents must be accompanied with receipt of payment towards the cost of Tender document and Bank Guarantee for EMD in favour of "Senior Manager (F&A), SBPDCL", failing which the bid shall be summarily rejected. Receipt of payment towards cost of tender, original Bank Guarantee and Power of Attorney is required to be submitted in the office of Chief Engineer (Commercial), SBPDCL, Vidyut Bhawan 3, Patna, Bihar before 15:00 hrs. on 02/12/2026 with required document as mentioned in the RfP document.

Sd/-
Chief Engineer
(Commercial)

PR- 014305 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार